प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 20.07.2022

हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल 01 अदद पिस्टल, 03 कारतूस व 01 मैग्जीन बरामद।
व्यवसायिक प्रतिद्वंदता में की गई थी सहज जन सेवा केन्द्र संचालक की हत्या।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 16.07.2022 की रात्रि में थाना क्षेत्र नवाबगंज के आलापुर रेलवे क्रासिंग के पास, परसई रोड पर एक युवक आलोक कुमार पाण्डेय जो कि कस्बा मानिकपुर में सहज जन सेवा केन्द्र चलाते थे, के संदिग्ध परिस्थितियों में घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु भेजवाया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में दिनांक 17.07.2022 को मृतक के पिता द्वारा थाना नवाबंगज पर नामजद आरोपियों के विरूद्ध, व्यवसायिक प्रतिद्वंदता में उनके पुत्र की हत्या किये जाने संबंधी तहरीर दी गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 123/2022 धारा 302, 504, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल द्वारा उक्त घटना में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संबंधित को दिये गये कड़े निर्देशों के क्रम में व **अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री रोहित मिश्र** के निकट पर्यवेक्षण में **प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबंगज श्री सुधीर कुमार सोनी** मय टीम द्वारा उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के अन्तर्गत अभियोग में नामजद दो आरोपियों 01. तबरेज अहमद 02. जीशान अहमद को गिरफ्तार कर अभियुक्त तबरेज अहमद के कब्जे से आलाकत्ल एक अदद पिस्टल 32 बोर मय एक अदद मैग्जीन 32 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया। बरामद शस्त्र/कारतूस के संबंध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 125/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –

01. तबरेज अहमद पुत्र दिलशाद अहमद उर्फ गुड्डू निवासी मोहल्ला खानगाह शरीफ गढी मानिकपुर थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़।

02. जीशान अहमद पुत्र दिलशाद अहमद उर्फ गुड्डू निवासी मोहल्ला खानगाह शरीफ गढी मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी का विवरण – आलाकत्ल, एक अदद पिस्टल 32 बोर मय एक अदद मैग्जीन 32 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर।

पुलिस टीम का विवरण – प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सोनी मय टीम थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़।

अवैध तमंचा-कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना अंतू)

जनपद के थाना अंतू के उ0नि0 श्री कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बाबूगंज, सीपी शुक्ला गेट के पास से 01 व्यक्ति देवेन्द्र द्विवेदी उर्फ सुधांशु पुत्र कमलेश द्विवेदी निवासी कपासी, थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना अंतू पर मु0अ0सं0 395/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

देवेन्द्र द्विवेदी उर्फ सुधांशु पुत्र कमलेश द्विवेदी निवासी कपासी, थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कोतवाली नगर)

कल दिनांक 19.07.2022 को जनपद के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री कबीरदास मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के कम्पनी गार्डेन के पास से एक व्यक्ति मो0 अमीन पुत्र शकील अहमद निवासी मदुरा रानीगंज, थाना कोहड़ौर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 1077/2021 धारा 379 भादंवि से संबंधित चोरी की एक अदद सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल नम्बर यूपी 72 एवी 5749 के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 अमीन पुत्र शकील अहमद निवासी मदुरा रानीगंज, थाना कोहड़ौर, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- चोरी की एक अदद सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल नम्बर यूपी 72 एवी 5749।

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री कबीरदास मय हमराह थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़।

03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना रानीगंज)

जनपद के थाना रानीगंज के **उ0नि0 श्री हरिन्द्र कुमार यादव** मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 287/2021 **धारा 147, 148, 149, 307, 325, 452, 427, 504, 506, 323 भादंवि** से संबंधित 03 वांछित अभियुक्त **01. सत्य नारायण पुत्र रामअजोर 02. संजय कुमार पुत्र काली प्रसाद 03. मनोज उर्फ मंजय पुत्र काली प्रसाद निवासीगण नरसिंहगढ़ थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़** को नरसिंहगढ़ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।